अनुक्रमांक ..............................

नाम ..............................

# 901 801(BE)

## 2015

## हिन्दी

## केवल प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1. क) निम्नलिखित कथनों में से कोई **एक** कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1

   i) हजारीप्रसाद द्विवेदी निबन्धकार के रूप में प्रसिद्ध हैं ।





   ii) डॉ० लक्ष्मीसागर एक प्रसिद्ध कवि हैं ।

   iii) 'कंकाल' के लेखक गुलाब राय हैं ।

   iv) राजेन्द्र प्रसाद एक सफल नाटककार हैं ।

   ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** कृति के लेखक का नाम लिखिए : 1

   i) गबन

   ii) अतीत के चलचित्र

   iii) एक घूँट

   iv) क्या भूलूँ क्या याद करूँ ।

   ग) 'आवारा मसीहा' किस विधा पर आधारित रचना है ? 1

   घ) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की किसी रचना का नाम लिखिए । 1

   ङ) 'दीपदान' एकांकी के लेखक का नाम लिखिए । 1

2. क) प्रगतिवादी कविता की किन्हीं **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 2

ख) रीतिकाल के प्रमुख **दो** कवियों के नाम लिखिए । 2

ग) 'ठण्डा लोहा' के रचनाकार का नाम लिखिए । 1

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी **एक** के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2 = 6

क) यह एक नैतिक और आध्यात्मिक स्रोत है, जो अनंत काल से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सम्पूर्ण देश में बहता रहा है और कभी-कभी मूर्त रूप होकर हमारे सामने आता रहा है । यह हमारा सौभाग्य रहा है कि हमने ऐसे मूर्त रूप को अपने बीच चलते-फिरते, हँसते-रोते भी देखा है और जिसने अमरत्व की याद दिलाकर हमारी सूखी हड्डियों में नई मज्जा डाल हमारे मृतप्राय शरीर में नए प्राण फूँके और मुरझाए हुए दिलों को फिर खिला दिया । वह अमरत्व सत्य और अहिंसा का है, जो केवल इसी देश के लिए नहीं, आज मानव मात्र के जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक हो गया ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए ।

iii) लेखक ने गद्यांश में क्या सन्देश देना चाहा है ?





ख) ईर्ष्या का यही अनोखा वरदान है । जिस मनुष्य के हृदय में ईर्ष्या घर बना लेती है, वह चीजों से आनन्द नहीं उठाता, जो उसके पास मौजूद है, बल्कि उन वस्तुओं से दु:ख उठाता है, जो दूसरों के पास है । वह अपनी तुलना दूसरों के साथ करता है और इस तुलना में अपने पक्ष के सभी अभाव उसके हृदय पर दंश मारते रहते हैं । दंश के इस दाह को भोगना कोई अच्छी बात नहीं है । मगर ईर्ष्यालु मनुष्य करे भी तो क्या ? आदत से लाचार होकर उसे यह वेदना भोगनी पड़ती है ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए ।

iii) लेखक के ईर्ष्या का अनोखा वरदान किसे कहा है ?

4. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी **एक** की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए तथा काव्य सौन्दर्य भी लिखिए : 1 + 4 + 1 = 6

क) सुनि सुन्दर बैन सुधारस-साने, सयानी हैं जानकी जानी भली ।
तिरछे करि नैन दे सैन तिन्हें, समुझाइ कछू मुसकाइ चली ॥
तुलसी तेहि औसर सोहैं सबे, अवलोकित लोचन-लाहु अली ।
अनुराग तड़ाग में भानु उदै, बिगसी मनो मंजुल कंज कली ॥

ख) चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ,

चाह नहीं प्रेमी- माला में बिंध प्यारी को ललचाऊँ,

चाह नहीं सम्राटों के शव पर हे हरि डाला जाऊँ,

चाह नहीं देवों के सिर पर चढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊँ,

मुझे तोड़ लेना बनमाली,

उस पथ पर देना फेंक ।

मातृभूमि पर शीश चढ़ाने,

जिस पर जावें वीर अनेक ॥

5. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1 = 3

i) जयशंकर प्रसाद

ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'

iii) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ।





ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1 = 3

i) तुलसीदास

ii) सुमित्रानन्दन पंत

iii) माखनलाल चतुर्वेदी ।

6. निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1 + 3 = 4

इयं नगरी विविध धर्माणां संगम स्थली । महात्मा बुद्ध, तीर्थंकर पार्श्वनाथ:, शंकराचार्य, कबीर: गोस्वामी तुलसीदास:, अन्ये च बहव: महात्मान: अत्रागत्य स्वीयान् विचारान् प्रासारयन् । न केवलं दर्शने, साहित्ये, धर्मे, अपितु कलाक्षेत्रेऽपि इयं नगरी विविधानां कलानां, शिल्पानां च कृते लोके विश्रुता । अत्रत्या: कौशेयशाटिका: देशे-देशे सर्वत्र स्पृह्यन्ते ।

**अथवा**

नीर-क्षीर-विवेके हंसालस्यं त्वमेव तनुषे चेत् ।

विश्वस्मिन्नधुनान्य: कुलव्रतं पालयिष्यति क: ।

7\. क) अपनी पाठ्यपुस्तक में से कोई **एक** श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो । 2

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 2

i) वाराणसी कस्या: भाषाया: केन्द्रम् अस्ति ?

ii) वीर: केन पूज्यते ?

iii) 'कारागार एवं मम गृहम्' इति क: अवदत् ?

iv) वातात् शीघ्रतां किं भवति ?

क) हास्य रस की परिभाषा लिखिए तथा उसका एक उदाहरण दीजिए । 2

ख) उपमा **अथवा** उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा लिखकर उसका एक उदाहरण दीजिए । 2

ग) दोहा छन्द की परिभाषा लिखिए तथा उसका एक उदाहरण भी दीजिए । 2





9\. क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1 + 1 = 3

i) अ

ii) अप

iii) सह

iv) सु

v) अनु

vi) अभि ।

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1 = 2

i) ता

ii) त्व

iii) पन

iv) वट ।

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के समास विग्रह कीजिए : 2

i) चरणकमल

ii) चक्रपाणि

iii) अपना-पराया

iv) सप्तसिन्धु

v) तिरंगा ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के तत्सम रूप लिखिए : 1 + 1 = 2

i) अँगूठा

ii) गोबर

iii) मिठाई

iv) विआह

v) पहेली ।





ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2

i) अश्व

ii) कामदेव

iii) पत्थर

iv) रात्रि

v) पवन ।

10. क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की सन्धि कीजिए : 2

i) प्रति + उत्तरम्

ii) महा + औदार्य

iii) सु + अच्छ

iv) अति + आचार ।

ख) निम्नलिखित में से किसी एक की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : 2

i) पश्याम्

ii) हसिष्यन्ति

iii) पठेत् ।

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के रूप षष्ठी विभक्ति, द्विवचन में लिखिए : 2

i) युष्मद् **अथवा** तद् ( स्त्रीलिंग )

ii) फल **अथवा** नदी ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 2

i) सदा सत्य बोलना चाहिए ।

[ Turn over





ii) परिश्रम से सफलता मिलती है ।

iii) गुरुजी की आज्ञा का पालन करना चाहिए ।

iv) वह वाराणसी गया ।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

i) राष्ट्रीय एकता

ii) विनाशकारी बाढ़ की समस्या

iii) पर्यावरण प्रदूषण

iv) यदि मैं प्रधानमंत्री होता

v) विज्ञान ही विकास की आधारशिला है ।

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 3

क) i) 'मुक्ति दूत' खण्डकाव्य के किसी ऐसे पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए जिसने आपको सबसे अधिक प्रभावित किया हो ।

ii) 'मुक्ति दूत' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ख) i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की ऐसी घटना का उल्लेख कीजिए जिसने आपको सर्वाधिक प्रभावित किया हो और क्यों ।

ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।





ग) i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर शिशुपाल का चरित्रांकन कीजिए ।

घ) i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य का नायक कौन है ? उसका चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के लक्ष्मी सर्ग का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

ङ) i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाषचन्द्र बोस का चरित्रांकन कीजिए ।

च) i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के कथानक का उल्लेख कीजिए ।

ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

छ) i) 'कर्ण' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर श्रीकृष्ण और कर्ण के बीच हुए वार्तालाप को संक्षेप में लिखिए ।

ज) i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर 'राम-भरत मिलन' सर्ग का सारांश अपनी भाषा में लिखिए ।

ii) 'कर्मवीर भरत' के आधार पर कैकेयी का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

[ Turn over





झ) i) 'तुमुल' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर 'मेघनाद' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।